प्रसार भारती
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी रायपुर (छत्तीसगढ़)

**प्रादेशिक समाचार बुलेटिन**

**18.45 गुरूवार** **दिनांक 21.08.2025**

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>

**आज के मुख्य समाचारः—**

1— संसद ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक पारित कर दिया है—राज्यसभा ने भी दी मंजूरी।

2— जापान और दक्षिण कोरिया की दस दिवसीय यात्रा पर रवाना हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय—निवेशकों और उद्यमियों से छत्तीसगढ़ की नई उद्योग नीति पर करेंगे चर्चा।

3— श्रमिकों से पंजीयन—योजना के आवेदन भरने के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लेने वाले कॉमन सर्विस सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश श्रम आयुक्त ने दिए।

4— अगले चौबीस घंटों के दौरान उत्तरी छत्तीसगढ़ के कुछ स्थानों में भारी वर्षा होने की संभावना।

**अब समाचार विस्तार से .....**

**राज्यसभा—ऑनलाइन गेमिंग विधेयक**

संसद ने ऑनलाइन गेमिंग संवर्धन और विनियमन विधेयक पारित कर दिया है। इसे आज राज्यसभा ने भी मंजूरी दे दी है। यह विधेयक ई—स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेम्स को प्रोत्साहित करने, साथ ही हानिकारक ऑनलाइन मनी गेमिंग सेवाओं, विज्ञापनों और उनसे संबंधित वित्तीय लेनदेन पर प्रतिबंध लगाने के बारे में है। इसमें इस क्षेत्र के समन्वित नीतिगत सहयोग, रणनीतिक विकास और नियामक निगरानी के लिए एक ऑनलाइन गेमिंग प्राधिकरण की नियुक्ति का प्रावधान है। विधेयक का उद्देश्य व्यक्तियों, विशेषकर युवाओं और कमजोर वर्ग को ऐसे खेलों के प्रतिकूल सामाजिक, आर्थिक, मनोवैज्ञानिक और गोपनीयता संबंधी प्रभावों से बचाना है। विधेयक में ऑनलाइन मनी गेम्स की पेशकश, संचालन या सुविधा पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने का प्रावधान है। ऑनलाइन मनी गेमिंग से संबंधित कानून का उल्लंघन करने पर तीन साल तक की कैद और एक करोड़ रुपये तक के जुर्माने या दोनों का प्रावधान है।

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि ऑनलाइन मनी गेमिंग समाज के लिए एक खतरा बन गया है।

श्री वैष्णव ने कहा कि अनुमान है कि हर साल पैंतालीस करोड़ लोग ऑनलाइन गेम्स में लगभग बीस हजार करोड़ रुपये गंवा देते हैं। उन्होंने बताया कि विधेयक में तीन खंड हैंः ई—स्पोर्ट्स, ऑनलाइन सोशल गेम्स और ऑनलाइन मनी गेम्स। उन्होंने कहा कि सरकार ई—स्पोर्ट्स और ऑनलाइन सोशल गेमिंग को बढ़ावा देगी।

**मुख्यमंत्री—जापान/दक्षिण कोरिया**

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज से जापान और दक्षिण कोरिया के दस दिवसीय प्रवास पर रवाना हो गए हैं। रायपुर के स्वामी विवेकानंद विमानतल
पर पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री साय ने कहा कि वे ओसाका वर्ल्ड एक्सपो में शामिल होकर निवेशकों और उद्यमियों से छत्तीसगढ़ की नई उद्योग नीति पर चर्चा करेंगे।

## खनिज विभाग–बैठक

पिछले वित्तीय वर्ष में प्रदेश को खनिज राजस्व के रूप में लगभग पंद्रह हजार करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है। यह जानकारी आज खनिज विभाग द्वारा रायपुर में आयोजित विभाग की पच्चीसवीं बैठक में दी गई। बैठक में बताया गया कि यह उपलब्धि वर्ष दो हजार तेईस–चौबीस की तुलना में लगभग चौंतीस प्रतिशत अधिक है। बैठक में प्रदेश में पाये जाने वाले खनिजों की खोज के लिए चालू वित्तीय वर्ष में प्रस्तावित भू–वैज्ञानिक कार्यों को अंतिम रूप दिया गया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद ने कहा कि छत्तीसगढ़ में खनिज अधारित नये उद्योगों की स्थापना के लिए राज्य में विद्यमान विभिन्न खनिजों का सतत् और व्यवस्थित तरीके से अन्वेषण किया जाना चाहिए।

## रेलवे–कवच

भारतीय रेलवे द्वारा विकसित स्वदेशी ऑटोमैटिक ट्रेन प्रोटेक्शन सिस्टम–**'कवच'** से दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में पहले रेल इंजन को लैस कर दिया गया है। आज भिलाई स्थित इलेक्ट्रिक लोको शेड में इस इंजन को कवच प्रणाली से लैस किया गया।

गौरतलब है कि इस प्रणाली का उद्देश्य ट्रेनों के बीच टक्कर को रोकना और लोको पायलट को केबिन में ही सिग्नल संबंधी सटीक जानकारी उपलब्ध कराना है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत नागपुर–झारसुगड़ा रेलखंड में कवच प्रणाली स्थापित की जा रही है। इसी के तहत आज इस रेल इंजन में यह कवच लगाया गया।

## आदि कर्मयोगी अभियान

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत प्रदेश के अट्ठाईस जिलों के एक सौ अड़तीस विकासखंडों में लगभग एक लाख तैंतीस हजार वॉलंटियर्स बनाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा ने कल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये इस अभियान की तैयारियों को लेकर जिला कलेक्टरों की बैठक ली और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि छह हजार छह सौ पचास आदिवासी बहुल गांवों में इस अभियान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अन्य विभागों से भी आवश्यक सहयोग लिया जाए। उन्होंने कहा कि चिन्हित आदिवासी बहुल गांवों में जो भी क्रिटिकल गैप है, उसे इस अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर आदि कर्मयोगी, ब्लॉक स्तर पर आदि सहयोगी और ग्राम स्तर पर आदिसाथी के माध्यम से पूरा किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

## छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कल सूरजपुर जिले के तिलसिवां में आयोजित छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव कार्यक्रम और किसान मेले का वर्चुअल शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने दो सौ ग्यारह करोड़ रूपये से अधिक के विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री ने सूरजपुर के नए बस स्टैंड स्थित अटल परिसर में भारतरत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के पच्चीस वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर रजत जयंती वर्ष मनाया जा रहा है।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी नागरिकों से एकजुट होकर प्रदेश को प्रगति की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने का आह्वान किया।

## डाक सेवा–एप्लीकेशन

भारतीय डाक विभाग ने एडवांस्ड पोस्टल टेक्नालॉजी–एटीपी एप्लीकेशन की शुरुआत की है। यह अत्याधुनिक आईटी 'टू प्वॉइंट ओ' प्रणाली डाक सेवाओं को और अधिक स्मार्ट, तेज और ग्राहक अनुकूल बनाने की दिशा में एक बेहतर पहल है।

दुर्ग डाक संभाग के प्रवर अधीक्षक बी.एल. जांगड़े ने बताया कि दुर्ग संभाग में इकसठ डाकघर और दो सौ अंठानवे शाखा डाकघर में एडवांस्ड पोस्टल टेक्नालॉजी की शुरुआत की गई है।

**श्रम आयुक्त–कार्रवाई**

प्रदेश में कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों द्वारा श्रमिकों से पंजीयन–योजना के आवेदन के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक राशि लेने की शिकायतें मिलने पर प्रदेश के श्रम आयुक्त ने ऐसे सेंटरों के खिलाफ कार्रवाई करने को कहा है। इस संबंध में उन्होंने सभी जिलों के सहायक श्रम आयुक्तों, श्रम पदाधिकारियों और सहायक श्रम पदाधिकारियों को पत्र जारी किया है। पत्र में कहा गया है कि कॉमन सर्विस सेंटर के माध्यम से ऑनलाइन पोर्टल में श्रमिक पंजीयन आवेदन के लिए तीस रूपये और योजना आवेदन के लिए बीस रूपये शुल्क निर्धारित है। जबकि, उनके संज्ञान में आया है कि कुछ कॉमन सर्विस सेंटर संचालकों द्वारा पंजीयन–योजना आवेदन करने के लिए श्रमिकों से एक से डेढ़ हजार रूपये तक की वसूली की जा रही है। श्रम आयुक्त ने निर्देश दिए हैं कि सभी कॉमन सर्विस सेंटर में पंजीयन–योजना के लिए निर्धारित शुल्क की सूचना अनिवार्य रूप से प्रदर्शित की जाए।

**सिंगापुर–शैक्षणिक कार्य**

आईआईएम रायपुर, आईआईटी भिलाई और एनआईटी रायपुर अब सिंगापुर के साथ मिलकर शोध और शैक्षणिक कार्य करेंगे। आईआईएम रायपुर में उच्च शैक्षणिक संस्थाओं के अधिकारियों के साथ आयोजित उच्च स्तरीय बैठक में सिंगापुर के विश्वविद्यालयों के साथ संयुक्त पाठ्यक्रम शुरू करने, डिग्री कार्यक्रम चलाने और अंतरराष्ट्रीय छात्र विनिमय योजनाओं का विस्तार करने पर सहमति बनी।

**मौसम**

**और अब पेश है मौसम का हाल–**

प्रदेश में अगले चौबीस घंटों के दौरान अनेक स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज–चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। वहीं, कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली भी गिर सकती है। मौसम विज्ञानी एच.पी. चंद्रा ने बताया कि उत्तरी छत्तीसगढ़ के एक–दो स्थानों में भारी वर्षा हो सकती है।

**संक्षिप्त समाचार**

**और अब कुछ समाचार संक्षेप में ...**

– राज्य शासन ने मनेंद्रगढ़–चिरमिरी–भरतपुर जिले में दो सौ बीस बिस्तरों के आधुनिक अस्पताल भवन के निर्माण के लिए पैंतीस करोड़ रूपये से अधिक की स्वीकृति दी है।

– बलरामपुर जिले में पच्चीस करोड़ रूपए की लागत से प्रयास आवासीय विद्यालय बनाया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने आवासीय विद्यालय के भवन के लिए राशि की मंजूरी दे दी है।

– कर्मचारी भविष्य निधि संगठन–ईपीएफओ के रायपुर क्षेत्रीय कार्यालय परिसर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पचपन लोगों ने रक्तदान किया।

– जांजगीर–चांपा जिले के कमरीद गांव में मोटरसाइकिल सवार एक युवक पुल से टकराकर शिवनाथ नदी में गिर गया। लापता युवक की तलाश में एसडीआरएफ और डीडीआरएफ की टीम द्वारा बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>
<><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><><>